तापमान
अधिकतम 29 .0 डिग्री
न्यूनतम 13 .5 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

9 सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन परेरा सदन बना विजेता



10 दीपावली की खरीदारी के लिए बढ़ने लगी भीड़, सरकुलर रोड सहित बाजारों में व्यवस्था राम भरोसे



## खबर संक्षेप

### प्रभु श्रीराम की वंदना का कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार 12 अक्टूबर को प्रभु श्रीराम की वंदना का कार्यक्रम बजाओ ढोल स्वागत में-मेरे घर राम आए है का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि आईएमए के पूर्व जिला प्रधान डा. दीपक यादव कार्यक्रम में मुख्यातिथि तथा श्रुती शर्मा चेयरपर्सन बाल कल्याण समिति विशिष्टातिथि होंगी। संस्था की ओर से शिक्षाविद राजेन्द्र सिंह यादव, शिक्षाविद प्रो. सीएल सोनी, संरक्षक भारत विकास परिषद रमेश सचदेवा व समाजसेवी हरबंस लाल खुराना का अभिनंदन किया जाएगा तथा उल्लेखनीय योगदान देने वाले साथियों को सम्मानित किया जाएगा।

### ओलंपिक गेम्स के लिए पुरुष टीम का चयन 12 को

**रेवाड़ी।** जिला बास्केटबॉल संघ की ओर से 27वें हरियाणा ओलंपिक गेम्स के लिए बास्केटबॉल की पुरुष टीम का चयन गांव संगवाड़ी में 12 अक्टूबर को शाम 3 बजे किया जाएगा। बास्केटबॉल संघ के प्रधान डा. धीरज सांगवान ने बताया कि चयन प्रक्रिया में चयनित खिलाड़ी 2 नवंबर से आयोजित होने वाले 27वें हरियाणा ओलंपिक गेम्स की राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों का चयन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाडी में किया जाएगा। खिलाड़ी केवल जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा सभी खिलाड़ियों को अपना पहचान पत्र साथ लाना होगा।

### भिवानी-मथुरा ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत

**कोसली।** कोसली व नांगल पठानी स्टेशन के बीच शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति चलती हुई भिवानी-मथुरा ट्रेन से गिरकर घायल हो गया। रेल कर्मियों ने एंबुलेंस बुलाकर सवारियों की मदद से घायल को कोसली के सामान्य अस्पताल में पहुंचाया, उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आधार कार्ड व पैन कार्ड के आधार पर 27 वर्षीय गुंजन गिरी निवासी सिधिया समस्तीपुर बिहार के रूप में की गई। चरखी दादरी जीआरपी के चौकी प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि दिल्ली में रहने वाले मृतक के परिजन को फोन पर सूचित कर दिया गया है। मृतक के शव को कोसली सिविल अस्पताल में रखवाया गया है।

### आईपीएस सुसाइड मामले की करवाई जाए जांच

**महेंद्रगढ़।** इंडियन नेशनल लोकदल एससी सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष वेदप्रकाश नंबरदार ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि हरियाणा कैडर के आईपीएस वाई पूर्ण कुमार द्वारा जातिगत भेदभाव के कारण आत्महत्या की गई है तथा यह बेहद दुखद घटना है। एक आईपीएस द्वारा आत्महत्या करना, कोई छोटी घटना नहीं है। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच हाईकोर्ट के सीटिंग जज से करवाई जाए। वेदप्रकाश नंबरदार ने बताया कि भाजपा सरकार में दलित समुदाय के लोगों के साथ उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

---

करवा चौथ के पर्व पर शुक्रवार को बाजार में काफी भीड़ रही

*महिलाओं ने विधि-विधान से सुनीं गणपति व चौथ माता की कथा*

# सुहागिनों ने मांगी पति की दीर्घायु, साढ़े आठ बजे बाद चांद देखकर व्रत खोला

- पतियों ने अपने हाथों से पानी पिलाकर व्रत खुलवाया

वीरवार की अपेक्षा बाजार में महिलाओं की संख्या कम रही। सुहागिनों ने ब्यूटी पार्लरों पर मेकअप व श्रृंगार करवाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सुहागिनों ने प्रेम व विश्वास का पवित्र त्योहार करवा चौथ शुक्रवार को धूमधाम से मनाया। महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखा और सांस्कृतिक व पारंपरिक लिबास में दोपहर से शाम तक कथा सुनीं तथा दिन में सूर्यदेव को अर्घ्य दिया तथा रात को 8:16 बजे बाद निकले चांद का दीदार करके अर्घ्य दिया तथा छलनी में पति की चेहरा देखकर लंबी उम्र की कामना की। करवा चौथ के पर्व पर शुक्रवार को बाजार भी काफी भीड़ रही। साड़ियों, ज्वेलर्स तथा गिफ्ट शॉप पर महिलाओं की भीड़ लगी रही। हालांकि वीरवार की अपेक्षा बाजार में महिलाओं की संख्या कम रही। सुहागिनों ने ब्यूटी पार्लरों पर मेकअप व श्रृंगार कराया। करवा चौथ के पर्व को लेकर पिछले एक सप्ताह से बाजारों व शॉपिंग मॉल्स में भीड बनी हुई है। महिलाएं साड़ियां, आभूषण व अन्य साज-सज्जा के सामान खरीदने में जुटी थी। महिलाओं के करवा चौथ पर्व को देखते हुए ज्वेलर्स ने जहां अलग-अलग डिजाइन के गहनें बनाए थे, वहीं साड़ियों के शोरूम में भी आधुनिक डिजाइनों की साड़िया पर मंगवाई गई। पिछले एक सप्ताह से बाजारों में काफी रौनक बनी हुई है। शुक्रवार को सुबह से महिलाओं में करवा चौथ पर्व को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। महिलाओं ने व्रत रखा तथा सज संवर कर दोपहर बाद चौथ माता की कहानी सुनीं। इसके बाद व्रत रखने वाली महिलाओं ने बुर्जुगों व पति का आशीर्वाद लिया। रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपने पति की दीर्घायु की कामना की।



रेवाड़ी। करवा चौथ पर पंजाबी मार्केट में मेहंदी लगवाते हुए महिला। फोटो :हरिभूमि

### करवा चौथ महिलाओं के सजने संवरने का त्योहार

*करवा चौथ महिलाओं के सजने संवरने का भी त्योहार है। इसलिए ब्यूटी पार्लरों में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ रही। पार्लर संचालकों ने भी जमकर चांदी कूटी। सुहागिनों ने आकर्षक डिजाइनों की मेहंदी भी लगवाई। चूड़ियों की दुकानों में भी महिलाओं की काफी भीड़ रही। करवा चौथ के त्योहार के साथ ही हलवाईयों की दुकानों पर भी रौनक लौट आई। दीपावली में अभी 11 दिन का समय है, लेकिन मिठाइयों का बाजार पूरी तरह से गर्म हो चुका है।*



सेक्टर-1 में चौथ माता की कथा सुनने के बाद मौजूद महिलाएं

» *दीपावली में अभी 11 दिन का समय है, लेकिन मिठाइयों का बाजार पूरी तरह से गर्म हो चुका*

» *व्रत रखने वाली महिलाओं ने बुर्जुगों व पति का आशीर्वाद लिया*

» *महिलाओं के करवा चौथ पर्व को देखते हुए ज्वेलर्स ने अलग-अलग डिजाइन के गहनें बनाए*

### ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया करवा पर्व


ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने करवा चौथ के पर्व पर निर्जला उपवास रखकर पति की दीर्घायु की कामना की। कोसली, नाहड़, बावल व धारूहेड़ा में कार्तिक कृष्ण पक्ष चतुर्थी के दिन करवा चौथ पर सुहागिनों ने सोलह श्रृंगार कर बुजुर्ग महिलाओं से चौथ माता की कहानी सुनीं। रात को चंद्रमा को अर्घ्य देकर पूजा की। पतियों ने अपने हाथों से उनका व्रत खुलवाया। बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि हिंदू धर्म में महिलाओं के लिए करवा चौथ व्रत का खास महत्व होता है। पति और पत्नी के बीच के प्रेम को दर्शाने वाला बेहद निष्ठा पूर्ण व श्रद्धा भाव से उपवास रखने का त्योहार है।





### शहर में कई जगह हुई सामूहिक पूजा

शहर के सेक्टर-1, सती कॉलोनी, कंपनी बाग, मॉडल टाउन व मोहल्ला टंडूवाड़ा सहित अनेक स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ पर माता की पूजा-अर्चना की। सुहागिनें का कथा सुनने का क्रम देर शाम तक चलता रहा। कथा सुनने के बाद महिलाओं ने माता से पति की दीर्घायु की कामना की और एक-दूसरे को शुभकामनाएं भी दी।





रेवाड़ी। करवा चौथ पर माता की कथा सुनते हुए महिलाएं। फोटो :हरिभूमि

---

## पवन चौधरी रेवाड़ी के फीडबैक और आउटरीच समन्वयक नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



पवन चौधरी

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से लाभार्थियों तक पहुंचने और योजनाओं के कार्यान्वयन का आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को फीडबैक और आउटरीच समन्वयक के रूप में नियुक्त किया गया है। जिला रेवाड़ी सहित महेन्द्रगढ़ व गुरुग्राम के लिए विदेश निगम के सलाहकार पवन चौधरी को फीडबैक और आउटरीच समन्वयक लगाया गया है। डीसी ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से राज्य के नागरिकों के हित के लिए विशेष रूप से समाज के अंत्योदय वर्ग के लिए अनेक प्रकार की अंत्योदय योजनाएं लागू की हुई हैं। इन योजनाओं के कार्यान्वयन, वास्तव में प्राप्त हो रहे लाभों और लोगों के जीवन में होने वाले बदलावों का आकलन करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों को फीडबैक और आउटरीच समन्वयक के रूप में तैनात किया गया है। फीडबैक और आउटरीच समन्वयक क्षेत्र का दौरा करते हुए लाभार्थियों तक पहुंचेंगे।

## एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रुपये निकालने के मामले में आरोपी काबू

» *पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धारूहेड़ा

सीआईए धारूहेड़ा ने एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख रुपये निकालने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान जिला जींद के गांव हसरफगढ़ निवासी बलबीर के रूप में हुई है। लुहारों की ढाणी धारूहेड़ा निवासी रोहित गत 22 मई को वह धारूहेड़ा सोहना रोड स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम में पैसे निकालने के लिए गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी बलबीर।

### एक लाख रुपये निकाले

जब वह पैसे निकालने लगा तो पीछे से दो व्यक्तियों ने पैसे निकालने में मदद की पेशकश की। इस दौरान आरोपियों ने उनका एटीएम कार्ड बदल लिया और उसको किसी दूसरे का कार्ड दे दिया। इसके बाद कुछ समय बाद आरोपियों ने उनके खाते से एक लाख रुपये निकाल लिए। सीआईए धारूहेड़ा पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी बलबीर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

## रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स ने करवा चौथ पर्व मनाया, बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**रेवाड़ी।** रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स की ओर से नारनौल रोड स्थित होटल में करवा चौथ का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि हरियाणा के उप औषधि नियंत्रक रिपन मेहता ने शिरकत की। क्लब के प्रधान संजय डाटा और सचिव मीनाक्षी अरोड़ा सहित सभी सदस्यों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने रोटरी क्लब की ओर से किए जा रहे सामाजिक हित के कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन क्लब की सचिव मीनाक्षी अरोड़ा व नवीन अरोड़ा ने किया। इस अवसर पर बच्चों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने डांस, गीत गायन व मोनो एक्टिंग की शानदार प्रस्तुति दी। क्लब के प्रधान संजय डाटा ने सभी सदस्यों को करवा चौथ पर्व की शुभकामनाएं दी। प्रॉजेक्ट चेयरपर्सन अंजू रूपेला व चित्रा दुआ ने कार्यक्रम को रोचक बनाया। क्लब की सभी सदस्याओं ने मेहंदी भी लगवाई। इस अवसर पर फर्स्ट लेडी ऑफ द क्लब बरखा डाटा, विपिन ढींगरा, प्रीती ढींगरा, डा. आत्मप्रकाश यादव, डा. अंजू यादव, महिंद्र रूपेला, संजीव दुआ, दीपक अरोड़ा, मंजू अरोड़ा, चैतन्य रूपेला, मेघा रूपेला, दीपक गुप्ता, पिंकी गुप्ता, अरुण अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, डा. कपिल, डा. दीप्ति, आशीष शर्मा, प्रियंका शर्मा, नीतेश जैन, अंजलि जैन आदि मौजूद रहे।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये हड़पने का केस दर्ज

### डेढ लाख रुपये महीने की सेलरी दिलाने की बात की

- दोनों भाईयों पर साजिश करके उनके साथ धोखा करने का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

महेंद्रगढ जिले के खेड़की गांव निवासी एक व्यक्ति ने झाड़ौदा गांव के दो चचेरे भाइयों के विरुद्ध विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख दस हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए महेंद्रगढ पुलिस अधीक्षक के माध्यम से कोसली थाने में मामला दर्ज कराया गया है। देवेन्द्र ने बताया कि उनका लड़का राहुल हिमाचल में डाक विभाग में ऐबीपीएम के पद पर कार्यरत है तथा वहीं पर रहता है। झाड़ौदा गांव का हिमांशु भी हिमाचल में रहता है। हिमांशु ने उनके लड़के राहुल को बताया कि उसका भाई अश्वनी विदेश में नौकरी लगवाने का काम करता है। उसके विदेश की कंपनियों में अच्छी जान पहचान है। नौकरी लगने पर लगभग डेढ लाख रुपये महीने की सेलरी मिलेगी। हिमांशु ने उनकी मुलाकात अश्वनी से कराई। बातचीत के बाद अश्वनी ने देवेन्द्र सिंह से शपथपत्र के माध्यम से एक लाख रुपये इसी वर्ष आठ मई को नकद प्राप्त कर लिए और बताया कि एक लाख रुपये विदेश में रसिया में पहुंचने के बाद तथा 2 लाख रुपये देवेन्द्र को वेतन मिलने के बाद देने होंगे। यदि देवेन्द्र रशिया नहीं जा पाया तो वह ब्याज सहित समस्त राशि देवेन्द्र को वापिस लौटा देगा। इससे पूर्व 15 अप्रैल को अश्विनी उनसे मेडिकल कराने के नाम पर दस हजार रुपये ले चुका था। पैसे लेने के बाद अश्विनी उन्हें बार बार आश्वासन देता रहा कि वह उन्हें जल्दी ही विदेश में नौकरी पर भेज देगा तथा 5-7 दिन में उनकी टिकट कंफर्म होकर आ जाएगी और जल्दी ही रसिया में बुला लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों भाईयों ने साजिश करके उनके साथ धोखा किया है। बात करने की कोशिश करने पर दोनों फोन बंद कर लेते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### कार्यक्रम में मेहंदी दिखाते हुए क्लब की सदस्याएं



---

*राज इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी व संस्कृत भाषा में किया प्रतियोगिता का आयोजन*

# आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

भारत विकास परिषद शाखा की ओर से शुक्रवार को कोनसीवास रोड स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल देशभक्ति गीतों पर आधारित हिंदी और संस्कृत भाषा में राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजेन्द्र सैनी चेयरमैन राज इंटरनेशनल स्कूल और अध्यक्ष अजय अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद् दक्षिण प्रांत थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश सैनी प्रांतीय संयोजक पर्यावरण ने शिरकत की। कार्यक्रम में नवीन सैनी डायरेक्टरराज इंटरनेशनलस्कूल व प्रिंसिपल कुलदीप जांगिड़ भी मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि राजेन्द्र सैनी ने कहा कि बच्चों को अपने सपने बड़े रखने चाहिए और अपना इतिहास कभी नहीं भूलना चाहिए। मुकेश सैनी ने कहा कि बच्चों को कभी हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। उन्होंने हिंदी और संस्कृत में देशभक्ति गीत गाने के लिए बच्चों की प्रशंसा की। अजय अग्रवाल प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया कि इस प्रतियोगिता पूरे देश में हर साल चार लाख से ज्यादा विद्यार्थी भाग लेते हैं। यह प्रतियोगिता बच्चों में देशभक्ति जगाने और संस्कार उत्पन्न करने के लिए प्रतिवर्ष पूरे देश में कराई जाती है।







रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि व आयोजक। फोटो :हरिभूमि

### विजेताओं को मोमेंटो व सर्टिफिकेट प्रदान किए

- आरपीएस स्कूल की टीम प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में भाग लेगी

प्रतियोगिता में ज्यूरी सदस्य सतीश मस्तान, हर्ष सैनी हिंदी व सुरेश शर्मा संस्कृत से थे। प्रतियोगिता में आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम,आरडीएस स्कूल धारूहेड़ ने द्वितीय व कैनाल वैली स्कूल बेरली ने तृतीय स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को मोमेंटो व सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाली आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की टीम अब प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में भाग लेगी। मंच संचालन कार्यक्रम संयोजक डा. अनिल सैनी सैनी ने किया भारत विकास परिषद् शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर शाखा सचिव रामकिशोर सैनी, कोषाध्यक्ष प्रेम मेहंदीरता, दयाराम आर्य, डा. दीपक सैनी, अजय गुप्ता, नितिन गोयल, राजीव अहूजा, कुंदनलाल सैनी व नंदलाल धींगडा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सीवर ओवरफ्लो से जीना दुर्भर, नई आबादी में समस्या बनी बड़ी आफत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

मोहल्ला नई आबादी की गली नंबर एक में सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने लोगों का जीना दूर्भर कर दिया है। गली में दिनभर सीवर का पानी सड़क पर जमा रहता है, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या पिछले तीन वर्षों से लगातार बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। निवासियों ने बताया कि गली का आगे का हिस्सा ऊंचा है,जबकि अंतिम छोर नीचा इलाका बन गया है, जिसके कारण पानी निकासी नहीं हो पाती। सीवर ओवरफ्लो के चलते आसपास गंदगी फैल जाती है और बदबू से माहौल दूषित रहता है। सीवर के गंदे पानी से उठती दुर्गंध से मक्खी-मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। वार्डवासी श्याम लाल, राजेश कसेरा, प्रवीण, शंकर लाल, गुलशन, प्रेम, राकेश, मनोज, रतन बोहत और सुखदेव ने प्रशासन से समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।



रेवाड़ी। नई आबादी की गली में जमा सीवर का गंदा पानी। फोटो :हरिभूमि

पिस्सू अपने शरीर की लंबाई से 350 गुना तक छलांग लगा सकते हैं।





मगरमच्छ अपनी जीभ बाहर नहीं निकाल सकते।



# पोस्ट अधिकारी बनकर भी चमका सकते हैं करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर गांव में एक पोस्ट ऑफिस मुख्य रूप से उपलब्ध होता है। कई ऐसे छोटे गांव है, जहां पर डाकघर नहीं होगा लेकिन हर एक पंचायत में एक डाकघर अवश्य है। पोस्ट ऑफिस में अलग-अलग पदों पर पोस्ट अधिकारी काम करते हैं। पोस्ट वितरित करने वाले डाकिए से लेकर ब्रांच मैनेजर तक पोस्ट ऑफिसर अपनी-अपनी भूमिका निभाते हैं। जब हम अपने आसपास किसी भी पोस्ट ऑफिसर को देखते हैं तो हमारे मन में भी ख्याल आता है, कि पोस्ट ऑफिसर कैसे बन सकते हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट ऑफिसर कैसे बनें। इसके बारे में डिटेल में जानकारी देने का प्रयास करेंगे।

## पोस्ट अधिकारी

भारतीय पोस्ट यानी कि इंडियन डाक डिपार्टमेंट में काम करने वाला हर एक कर्मचारी पोस्ट ऑफिसर कहलाता है। डाक वितरित करने वाले अधिकारी को भी पोस्ट ऑफिसर के नाम से कहा जाता है। हालांकि सामान्य भाषा में डाकिया भी कहते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए विद्यार्थी कौन-कौन से काम करके पोस्ट ऑफिसर बन सकता है। इसकी जानकारी हम आपको इस आर्टिकल के जरिए देने का पूरा प्रयास करेंगे।

### ये चाहिए जरूरी दस्तावेज

*सरकार के द्वारा रिक्त पदों के आधार पर नियमित रूप से पोस्ट ऑफिस पर पद पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में आप अपना आवेदन लगाकर पोस्ट ऑफिसर बन सकते हैं। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी दस्तावेज नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं:*

- आवेदक का आधार कार्ड
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- बैंक पासबुक
- मूल निवास प्रमाण पत्र
- ग्रेजुएशन का सर्टिफिकेट
- कंप्यूटर डिप्लोमा का सर्टिफिकेट

## जॉब के लिए योग्यता

**जो उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर बनना चाहते हैं। उन उम्मीदवारों को कई तरह की योग्यता का मुख्य रुप से ध्यान रखना होता है। पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:**

- पोस्ट ऑफिसर बनने वाले सभी कर्मचारियों को सबसे पहले भारत की नागरिकता का मापदंड पूरा करना होगा। जो कर्मचारी भारत के नागरिक है। उनको पोस्ट ऑफिसर बनने का मौका मिलेगा।
- पोस्ट ऑफिस पद पर निकलने वाली भर्ती के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना अनिवार्य है।
- आवेदक मानसिक रूप से और शारीरिक रूप से पूरी तरह से स्वस्थ होना जरूरी है।
- आवेदक को कंप्यूटर का बेहतरीन नॉलेज होना चाहिए और कंप्यूटर के बेहतरीन नॉलेज के साथ-साथ एमएससीआईटी और सीसीसी कोर्स करना आवश्यक है।
- आवेदक के पास न्यूनतम ग्रेजुएशन डिग्री होना जरूरी है ग्रेजुएशन डिग्री के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर के लिए अपना आवेदन लगा पाएंगे।
- उम्मीदवार का किसी भी तरह से क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए हालांकि यह पुलिस वेरीफिकेशन सर्टिफिकेट जो क्रिमिनल रिकॉर्ड ना होने का दावा करता है। यह आपके लिखित परीक्षा में पास होने के बाद पूछा जाने वाला एक दस्तावेज है।

## ये प्रोसेस अपनाएं

**पोस्ट ऑफिसर बनने का सपना देखने वाले कर्मचारियों को कई तरह से तैयारी करनी होती है। सर्वप्रथम कर्मचारियों को पहले ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करनी होगी। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ही आप पोस्ट ऑफिसर बनने के योग्य होते हैं।**

पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए उम्मीदवार को सबसे पहले 12वीं कक्षा पास करने के बाद किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त करनी होगी। विद्यार्थी को किसी भी विषय वर्ग के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री अच्छे अंकों के साथ बात करनी है। क्योंकि विद्यार्थी के लिए ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम योग्यता के तौर पर पोस्ट ऑफिसर के लिए मानी जाती है। हालांकि पुराने जमाने में डाकिया बनने के लिए कोई भी ग्रेजुएशन डिग्री की जरूरत नहीं होती थी। लेकिन वर्तमान में नए मापदंड के आधार पर डाकिया बनने के लिए भी आपको ग्रेजुएशन की डिग्री के साथ ही आप आवेदन लगा सकेंगे।

**परीक्षा और इंटरव्यू :** डाक भर्ती का लिखित पेपर पास करने के पश्चात कुछ विशेष पदों के लिए इंटरव्यू का आयोजन भी किया जाता है। इंटरव्यू प्रक्रिया के बाद में फाइनल मेरिट लिस्ट की घोषणा होती है और उसके आधार पर आप को चयनित कर के दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाता है। पोस्ट ऑफिस तक पद पर काम करने वाले उम्मीदवार को शुरुआत में बेसिक सैलरी 20000 से लेकर 38000 तक प्रदान करवाई जाती है।

### भर्ती में आवेदन करें

जब विद्यार्थी ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर देता है। तो उसके पश्चात विद्यार्थी को पोस्ट ऑफिसर बनने के लिए सरकार के द्वारा नियमित रूप से रिक्त पदों के अनुसार भर्तियों का आयोजन किया जाता है। उन भर्तियों में अपना आवेदन लगा कर भर्ती की परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए।

### भर्ती परीक्षा की तैयारी करें

जब उम्मीदवार पोस्ट ऑफिसर पद के लिए निकाली जाने वाली भर्ती में अपना आवेदन लगा देता है तो उसके पश्चात उस विद्यार्थी को परीक्षा के सिलेबस को समझते हुए और एग्जाम पैटर्न को समझते हुए बेहतरीन तैयारी करनी चाहिए। क्योंकि वर्तमान में हर पद के लिए बहुत ही ज्यादा कंपटीशन भारत में है। सरकारी नौकरी को लेकर चपरासी पद के लिए भी जबरदस्त कंपटीशन वर्तमान समय में देखने को मिलता है। ऐसे में आपको नियमित पांच से 6 घंटे तक पढ़ाई करते हुए पोस्ट ऑफिसर भर्ती परीक्षा के सिलेबस को पूरा पढ़ना चाहिए और उसके बाद पोस्ट ऑफिस परीक्षा के एग्जाम को क्लियर करना है।

---

विद्यार्थियों को नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता

# बीबीए के बाद करियर विकल्प : कॉर्पोरेट और सरकारी जगत में सुनहरे अवसर

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम



बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) तीन वर्षीय स्नातक प्रबंधन पाठ्यक्रम है, जो विद्यार्थियों को प्रबंधन विज्ञान, व्यवसाय रणनीति और नेतृत्व कौशल की गहरी समझ प्रदान करता है। इसमें प्रायः मार्केटिंग, फाइनेंस, अकाउंटिंग, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, ऑपरेशन्स, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, आंत्रप्रेन्योरशिप और बिजनेस लॉ जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यधिक महत्व है,मार्केटिंग किसी भी कंपनी की ब्रांड छवि और बिक्री बढ़ाने का प्रमुख स्तंभ है, फाइनेंस और अकाउंटिंग संस्थान की आर्थिक रीढ़ हैं, एचआर प्रबंधन संगठन की कार्यकुशलता और टीम भावना को मजबूत करता है, जबकि बिजनेस लॉ और स्ट्रैटेजिक मैनेजमेंट संस्थान को कानूनी, नैतिक और प्रतिस्पर्धात्मक दृष्टि से सक्षम बनाते हैं। इस प्रकार बीबीए न केवल छात्रों को कॉर्पोरेट जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करता है, बल्कि उन्हें समस्या समाधान, निर्णय क्षमता, नेतृत्व और टीमवर्क जैसी प्रायोगिक कौशलों से भी सुसज्जित करता है। नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी. 2020) के अनुसार अब विद्यार्थी बीबीए को तीन वर्षों में सामान्य स्नातक डिग्री के रूप में या चार वर्षों में बीबीए ऑनर्स के रूप में भी पूरा कर सकते हैं।

## विशेषज्ञता चुनी जा सकती

बीबीए/ऑनर्स में विषय-गहनता के साथ विशेषज्ञता चुनी जा सकती है। निम्नलिखित प्रमुख विशेषज्ञताएं इस प्रकार हैं।
विपणन (मार्केटिंग) वित्त लेखा
मानव संसाधन प्रबंधन । परिचालन/संचालन
व्यवसाय विश्लेषिकी (बिज़नेस एनालिटिक्स)
अंतरराष्ट्रीय व्यापार, उद्यमिता, आपूर्ति श्रृंखला व लॉजिस्टिक्स, खुदरा प्रबंधन, बैंकिंग और बीमा
डिजिटल मार्केटिंग, पर्यटन व आतिथ्य प्रबंधन
इन विशेषज्ञताओं का प्रत्यक्ष उपयोग बिक्री-वृद्धि, लाभप्रदता, लागत-नियंत्रण, प्रतिभा-प्रबंधन, डेटा-व्याख्या, वैश्विक विस्तार और ग्राहक-अनुभव को बेहतर बनाने में होता है।

## इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

सिर्फ डिग्री नहीं, बल्कि कार्यान्वयन-योग्य कौशल ही करियर को तीव्र गति देते हैं,यही आज के उद्योग मानक हैं। निम्नलिखित आवश्यक कौशल इस प्रकार हैं। प्रभावशाली लिखित/मौखिक संचार व प्रस्तुतीकरण, उन्नत स्प्रेडशीट/एमआईएस, मूल वित्तीय विश्लेषण, बजट/पूर्वानुमान, सीआरएम/ईआरपी जैसे व्यावसायिक उपकरणों की समझ, डेटा-आधारित सोच, व्यवसाय विश्लेषण की बुनियाद, बिक्री-वार्ता, ग्राहक-सम्बंध प्रबंधन, सेवा-उत्कृष्टता, परियोजना-प्रबंधन, समय-प्रबंधन, टीमवर्क व नेतृत्व, इंटर्नशिप/ लाइव-प्रोजेक्ट/ उद्योग-प्रमाणन, (गूगल/ मेटा/ टैली/ एक्सेल आदि)

## उच्च अध्ययन के विकल्प

**उच्च शिक्षा नेतृत्व-स्तरीय प्रगति, वैश्विक मानकों की विशेषज्ञता और करियर-गतिशीलता को गति देती है,बीबीए के बाद सही कार्यक्रम चुनना करियर-वृद्धि का गुणक सिद्ध होता है।**

निम्नलिखित प्रमुख उच्च अध्ययन विकल्प इस प्रकार हैं। एम.बी.ए. (विपणन/वित्त/मानव, संसाधन/ संचालन/ व्यवसाय, विश्लेषिकी/ अंतरराष्ट्रीय व्यापार/उद्यमिता) पी.जी.डी.एम. (उद्योग-उन्मुख प्रबंधन), एम.कॉम. (लेखा/वित्त में गहनता), विधि स्नातक (एल.एल.बी.) – कॉर्पोरेट/ व्यापार कानून, व्यवसाय विश्लेषिकी/डेटा विज्ञान में पी.जी. कार्यक्रम, मानव संसाधन प्रबंधन (एम.एच.आर.एम.), अंतरराष्ट्रीय व्यापार (एम.आई.बी.), हॉस्पिटैलिटी/ टूरिज़्म प्रबंधन सीए/ सीएस/ सीएमए जैसी व्यावसायिक योग्यताएं (पात्रता के अनुसार), लोक नीति/ विकास प्रबंधन/ सार्वजनिक प्रशासन में स्नातकोत्तर।

## ले सकते हैं सलाह

- बीबीए कॉर्पोरेट नेतृत्व, प्रशासनिक दक्षता और उद्यमशीलता की स्वर्ण-डोरी है,सही विशेषज्ञता, ठोस कौशल और अनुशासित निष्पादन के साथ आप उच्च-विकास निजी भूमिकाएँ, स्थिर एवं सम्मानजनक सरकारी सेवाएं और विश्वस्तरीय उच्च शिक्षा,तीनों मार्गों पर तेजी से आगे बढ़ सकते हैं।
- **सुझावः** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.career-jaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

## निजी क्षेत्र में विकल्प

**कॉर्पोरेट जगत उच्च-प्रभाव, परिणाम-उन्मुख और ग्राहक-केंद्रित पेशेवरों की तलाश में है,बीबीए स्नातक ठीक इसी मांग को पूरा करते हैं। वे ब्रांड-वृद्धि, राजस्व-त्वरण, लागत-दक्षता और संचालन-उत्कृष्टता के माध्यम से संस्थान को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त दिलाते हैं।**

निम्नलिखित "विशेषज्ञता-आधारित" भूमिकाएं इस प्रकार हैं।

1) विपणन/ डिजिटल/ खुदरा विपणन कार्यकारी, ब्रांड/ कैम्पेन सहायक, डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षु एसईओ/ सोशल मीडिया समन्वयक, सीआरएम कार्यकारी, माल-विक्रय योजनाकर्ता।

2) वित्त/ लेखा/ बैंकिंग-बीमा वित्तीय विश्लेषक प्रशिक्षु, लेखा सहायक, जीएसटी/कर सहायक ऋण-प्रसंस्करण/क्रेडिट समन्वयक, जोखिम-विश्लेषण सहायक, बीमा-अंडरराइटिंग सहायक

3) मानव संसाधन (एचआर) एचआर सहायक, भर्ती समन्वयक, पेरोल/कम्प्लायंस सपोर्ट प्रशिक्षण व विकास समन्वयक, कर्मचारी-संबंध कार्यकारी

4) संचालन/आपूर्ति श्रृंखला/ लॉजिस्टिक्स संचालन सहायक, गुणवत्ता आश्वासन सहायक, क्रय/ प्रोक्योरमेंट सहायक सप्लाई-चेन समन्वयक, इन्वेंट्री/ वितरण योजनाकर्ता

5) व्यवसाय विश्लेषिकी/ एमआईएस एमआईएस कार्यकारी, व्यवसाय विश्लेषण सहायक, रिपोर्टिंग/ डैशबोर्ड समन्वयक

विशेषज्ञता से स्वतंत्र "सामान्य" विकल्प (किसी भी बीबीए स्नातक हेतु) इस प्रकार हैं, ग्राहक सेवा कार्यकारी, इनसाइड-सेल्स/ एसडीआर, प्रशासनिक सहायक ई–कॉमर्स संचालन सहायक, प्रोजेक्ट समन्वयक कंटेंट/ कम्युनिकेशन समन्वयक, उद्यमिता/ स्टार्टअप समन्वयक।

**आय-सीमा (निजी क्षेत्र)**

- **फ्रेशर**: लगभग 3.0–5.5 लाख वार्षिक (स्थान/ क्षेत्र/ कंपनी पर निर्भर)
- अनुभवी (5–10 वर्ष): लगभग 8–22 लाख वार्षिक; उच्च-विकास भूमिकाओं/एमएनसी/एमबीए पश्चात 25–30 लाख+ सम्भव

## सरकारी क्षेत्र में विकल्प

सरकारी सेवाएं स्थायित्व, सामाजिक प्रतिष्ठा और दीर्घकालिक सुरक्षा का समन्वय हैं। बीबीए पृष्ठभूमि के छात्र प्रशासनिक दक्षता, वित्तीय अनुशासन और संचालन-समझ के कारण अनेक प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सशक्त दावेदारी रखते हैं।

**निम्नलिखित प्रमुख** परीक्षाएं/ विकल्प इस प्रकार हैं,

**1) बैंकिंग व बीमा** : एसबीआई/ आईबीपीएस पीओ व क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट एलआईसी/अन्य सरकारी बीमा उपक्रम,असिस्टेंट/प्रशासनिक अधिकारी

**2) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)** : सीजीएल के अन्तर्गतः सहायक लेखा अधिकारी, आयकर सहायक, निरीक्षक/लेखीरीक्षण सहायक सीएचएसएल/अन्य स्नातक पदः डाक/कार्यालय सहायक, डेटा प्रविष्टि इत्यादि

**3) संघ व राज्य लोक सेवा आयोग** : सिविल सेवाएं (आईएएस, आईपीएस, आईआरएस आदि), राज्य प्रशासनिक/वाणिज्यिक कर सेवाएं

**4) रेलवे/ पीएसयू/ अन्य बोर्डः** रेलवे एनटीपीसी/कार्यालय सुपरिंटेंडेंट, सार्वजनिक उपक्रमों में प्रशासनिक/वाणिज्यिक पद एफसीआई, ईएसआईसी, ईपीएफओ जैसे संगठनों में उपयुक्त स्नातक पद

**5) रक्षा सेवाए** : सीडीएस/ एएफसीएटी के माध्यम से अधिकारी प्रशिक्षण,नेतृत्व व राष्ट्र-सेवा का गौरवपूर्ण मार्ग लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**आय-सीमा (सरकारी क्षेत्र):**
**फ्रेशर**: लगभग 3.5–7.5 लाख वार्षिक (आम तौर पर पे-लेवल 5–7)
**अनुभवी/वरिष्ठ**: लगभग 9–20 लाख वार्षिक; उच्च सेवाओं/उच्च ग्रेड-पे में इससे अधिक, साथ में भत्ते/सुविधाएं

---

# स्क्रीन टाइम कम करें, मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को समृद्ध बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

आज का युग डिजिटल क्रांति का है, लेकिन स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और स्क्रीन की चमक में खोकर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और जीवन के अनमोल पलों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खासकर छात्रों के लिए, जो अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं, स्क्रीन टाइम को सीमित करना और समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताना न केवल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन को भी समृद्ध करता है। यह लेख हिंदी में छात्रों को प्रेरित करता है कि वे स्क्रीन की लत से बाहर निकलें और अपने मानसिक स्वास्थ्य व आत्म-विकास पर ध्यान दें। अत्यधिक स्क्रीन टाइम न केवल हमारी आँखों और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है।

## तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता

सोशल मीडिया पर तुलना, साइबरबुलिंग, और लगातार ऑनलाइन बने रहने का दबाव छात्रों में तनाव, चिंता और अवसाद को बढ़ाता है। इसके साथ ही, स्क्रीन की नीली रोशनी नींद को प्रभावित करती है, जिससे एकाग्रता और उत्पादकता कम होती है। लेकिन अगर आप इस समय को नियंत्रित करें, तो आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

**स्क्रीन टाइम से होने वाली मानसिक स्वास्थ्य समस्याए**

**तनाव और चिंताः** परीक्षा का दबाव, सामाजिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया पर दूसरों से तुलना छात्रों में चिंता को बढ़ाती है। स्क्रीन टाइम इस तनाव को और गहरा करता है।

**अवसादः** लगातार स्क्रीन पर समय बिताने से अकेलापन और आत्मसम्मान में कमी आती है, जो अवसाद का कारण बन सकता है।

**एकाग्रता में कमीः** लगातार नोटिफिकेशन्स और मल्टीटास्किंग के कारण पढ़ाई में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।

**नींद की कमीः** देर रात तक स्क्रीन पर समय बिताने से नींद की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जो मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।

**साइबरबुलिंगः** ऑनलाइन ट्रोलिंग और नकारात्मक कमेंट्स आत्मविश्वास को कम करते हैं और भावनात्मक तनाव को बढ़ाते हैं।

**स्क्रीन टाइम कम करने के फायदे**

स्क्रीन टाइम को सीमित करके आप अपने मानसिक स्वास्थ्य और जीवन को कई तरह से बेहतर बना सकते हैं।

**बेहतर एकाग्रताः** स्क्रीन से दूरी बनाकर आप पढ़ाई और अन्य कार्यों में अधिक ध्यान दे पाएंगे।

**मानसिक शांतिः** योग और ध्यान तनाव को कम करते हैं और दिमाग को शांत रखते हैं।

**स्वस्थ जीवनशैलीः** स्क्रीन टाइम की जगह योग, व्यायाम, और प्रकृति के साथ समय बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होता है।

**नए कौशल का विकासः** खाली समय में आप कोई नया कौशल जैसे कोडिंग, लेखन, या कोई वाद्य यंत्र सीख सकते हैं।

**मजबूत रिश्तेः** परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने से भावनात्मक समर्थन मिलता है, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

## जीवन को बेहतर बनाने के उपाय

**समय सीमा तय करें**: रोजाना स्क्रीन टाइम को 1-2 घंटे तक सीमित करें। फोन पर टाइमर या ऐपलिमिटर का उपयोग करें।

**स्क्रीन-फ्री ज़ोन**: पढ़ाई का स्थान और बेडरूम को स्क्रीन-फ्री रखें। सोने से पहले फोन का उपयोग बंद करें।

**योग और ध्यान अपनाएं** : सुबह 10-15 मिनट सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, या मेडिटेशन करें। यह तनाव कम करता है और एकाग्रता बढ़ाता है।

**नए कौशल सीखें**: अपने समय को रचनात्मक कार्यों में लगाएं, जैसे कोई भाषा सीखना, पेंटिंग, या डिजिटलस्किल्स। यह आत्मविश्वास बढ़ाता है और भविष्य के लिए उपयोगी है।

**परिवार के साथ समय**: परिवार के साथ भोजन करें, बातचीत करें, या कोई खेल खेलें। यह अकेलेपन को कम करता है और रिश्तों को मजबूत करता है।

**प्रकृति के करीब जाएं**: पार्क में टहलें, पेड़-पौधों के बीच समय बिताएँ। यह मानसिक तनाव को कम करता है।

**परामर्श लें**: अगर तनाव या अवसाद लगे, तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से बात करें।

**छोटे कदम, बड़े बदलाव** : स्क्रीन टाइम कम करना शुरू में मुश्किल लग सकता है, लेकिन छोटे कदमों से आप इसे आसानी से हासिल कर सकते हैं। हर दिन एक घंटा कम स्क्रीन टाइम का मतलब है हर हफ्ते 7 घंटे आपके पास योग, पढ़ाई, परिवार, या नए कौशल के लिए। यह समय आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा और आपके सपनों को हकीकत में बदलने में मदद करेगा। छात्र जीवन आपके भविष्य का आधार है। स्क्रीन की चमक में खोने के बजाय, अपने समय को योग, एकाग्रता, नए कौशल, और परिवार के साथ बिताएँ। यह न केवल आपके मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करेगा, बल्कि आपको एक संतुलित, सुखी, और सफल जीवन की ओर ले जाएगा। आज से ही शुरुआत करें अपने फोन को एक तरफ रखें, गहरी सांस लें, और अपने सपनों की ओर कदम बढ़ाएं। आपका दिमाग और आपका समय आपकी सबसे बड़ी ताकत हैं, इनका सही उपयोग करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** ब्रजभाषा' है -
(ए) पूर्वी हिन्दी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) बिहारी हिन्दी
(डी) पहाड़ी हिन्दी

**2.** मगही' किस भाषा की बोली है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पश्चिमी हिन्दी
(सी) पूर्वी हिन्दी
(डी) बिहारी

**3.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?
(ए) मागधी
(बी) अर्धमागधी
(सी) शौरसेनी
(डी) ब्राचड़

**4.** भाषा के आधार पर राज्यों की पुनः संरचना की गयी थी ?
(ए) 1952 ई. में
(बी) 1953 ई. में
(सी) 1954 ई. में
(डी) 1956 ई. में

**5.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?
(ए) पंजाब
(बी) जमू-कश्मीर
(सी) रजस्थान
(डी) आंध्र-प्रदेश

**6.** बघेली बोली का संबंध किस उपभाषा से है ?
(ए) राजस्थानी
(बी) पूर्वी हिन्दी
(सी) बिहारी
(डी) पश्चिमी हिन्दी

**7.** किस तिथि को हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया गया ?
(ए) 15 अगस्त, 1947 ई.
(बी) 26 जनवरी, 1950 ई..
(सी) 14 सितम्बर, 1949 ई..
(डी) 14 सितम्बर, 1950 ई.

**8.** वर्ष 1955 ई. में गठित प्रथम राजभाषा आयोग के अध्यक्ष थे -
(ए) बी. जी. खेर
(बी) सुनीति कुमार चटर्जी
(सी) जी. बी. पन्त
(डी) पी. सुब्योरोयान

उत्तर 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(ए)

वरिष्ठ व अधीनस्थ सदनों के सभी कैडेट्स ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए

# सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परेरा सदन बना विजेता





रेवाड़ी। सैनिक स्कूल में पंजाबी डांस की प्रस्तुति देते हुए कैडेट्स। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए कैडेट्स। परेरा सदन की टीम को ट्रॉफी प्रदान करते प्राचार्य व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

*ऐतिहासिक, पौराणिक, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भारत की विविधता में एकता से जुड़ी सांस्कृतिक झांकियां और अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाले नृत्य का प्रदर्शन किया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गांव गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में अंतरसदनीय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के वरिष्ठ व अधीनस्थ सदनों के सभी कैडेट्स ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

कैडेट्स ने प्रार्थना, स्वागत गीत, अंग्रेजी नाटक, समूह गीत, लोक व देशभक्ति समूह नृत्य एवं मास्टर स्ट्रोक पर प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यालय प्राचार्य कैप्टन ब्रिज किशोर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

### नाटिकाओं व लोकगीतों की सभी ने प्रशंसा की

उनके साथ विद्यालय उप-प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न सदनों के कैडेट्स ने सैनिक स्कूल की दिनचर्या से संबंधित, ऐतिहासिक, पौराणिक, लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भारत की विविधता में एकता से जुड़ी सांस्कृतिक झांकियां और अनेकता में एकता को प्रदर्शित करने वाले नृत्य का प्रदर्शन किया। कैडेट्स के धार्मिक, सामाजिक और जागरूकता से पूर्ण एकांकी, नृत्य नाटिकाओं व लोकगीतों की सभी ने प्रशंसा की।

### सुब्रोतो सदन द्वितीय व कटारी सदन ने तृतीय स्थान पाया

कैडेट्स ने देशभक्ति, बलिदान, हास्य-व्यंग्य, पर्यावरण, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, कक्षा कक्ष दृश्य, शिव-तांडव नृत्य, रामायण, महाभारत, पद्मावती, छावा-शम्भाजी आधारित थीम शो व हरियाणा-पंजाब-राजस्थान-गुजरात-हिमाचल राज्यों से जुड़े लोक नृत्यों का शानदार प्रदर्शन किया। गजेंद्र सिंह चौहान वरिष्ठ अध्यापक, वंशिका कौशिक विद्यालय चिकित्सा अधिकारी व सूबेदार मोहम्मद शकील एनसीसी जेसीओ ने निर्णायक मंडल के रूप में परिणामों की घोषणा की, जिसमें परेरा सदन विजेता रहा तथा सुब्रोतो सदन ने द्वितीय व कटारी सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### गलती होने पर माफी मांगनी चाहिए

प्राचार्या ने सदन अध्यापक विपिन शर्मा व अन्य सदन अनुशिक्षकों रवींद्र कुमार, दुर्गा सिंह व सोहन सिंह के साथ सदन कप्तान तुषार चौहान व उपकप्तान हिमांशु को प्रतियोगिता विजेता ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय द्वारा समय-समय पर सह-शैक्षिक गतिविधियां आयोजित की जाती है ताकि कैडेट्स को विभिन्न आदर्श गुणों को अपने जीवन मे उतारने के लिए प्रेरित किया जा सकें। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संगीत शिक्षक साहिल भोला, सभी सदनाध्यक्षों, शिक्षकों व कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शैक्षिक व प्रशासनिक कर्मी उपस्थित थे।

## आस्था कुंज में बच्चों के लिए लगाया चिकित्सा कैंप



रेवाड़ी। कार्यक्रम में बच्चों के साथ सीजेएम अमित वर्मा। फोटो : हरिभूमि

- बच्चों से बातचीत की तथा खान पान व पढ़ाई की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की विशेष बौद्धिक योग्यता व्यक्तियों तथा बच्चों के लिए बाल अनुकूल कानूनी सेवाएं योजना के तहत शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमित वर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आस्था कुंज में मेडिकल कैंप का आयोजन कराया, जिसमें बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य का चेकअप किया गया। डीएलएसए सचिव अमित वर्मा ने बच्चों से बातचीत की तथा उनके खान-पान व पढ़ाई के बारे में जानकारी ली।

### 01274-220062 पर कानूनी जानकारी लें

आस्था कुंज के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को बच्चों से संबंधित उचित दिशा निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। उन्होंने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा आमजन के लिए चलाए गए टोल फ्री नंबर 15100 एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01274-220062 पर आमजन किसी भी प्रकार के कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा आस्था कुंज के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### बस में सवार महिला के 5 हजार रुपये निकाले

**कनीना।** बस में सवार महिला यात्री से एक अन्य महिला ने पांच हजार रुपये की चपत लगा दी। इस बारे में पीड़ित महिला रेखा ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि ककराला गांव की रहने वाली है। वह नारनौल से कनीना जाने वाली बस में सवार हुई थी। जहां उनके पास एक अन्य महिला भी बैठी थी। जिसने उसके पांच हजार रुपये निकाल लिए और कनीना की पुरानी आनाज मंडी के गेट के समीप उतर गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर महिला के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### दौंगड़ा अहीर में मकान का ताला तोड़कर चोरी

**कनीना।** गांव दौंगड़ा अहीर में अज्ञात चोरों ने एक घर का ताला तोड़कर हजारों रुपये की नकदी सहित आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। इस बारे में नवीन शर्मा ने दौंगड़ा अहीर पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि उसके माता पिता अहमदाबाद गुजरात में रहते हैं तथा वह जयपुर पीजी में रहकर पढ़ाई करता है। बीते चार अक्टूबर को वह अपने घर दौंगड़ा से जयपुर गया था। उन्होंने आकर देखा तो घर के ताले टूटे पड़े थे।

### नम्बरदारों ने की मानदेय जारी करने की मांग

**कनीना।** नम्बरदार एसोसिएशन की ओर से उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर उन नंबरदारों का मानदेय जारी करने की मांग की है। जिनके नाम या जन्म तिथि आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में भिन्न थी। सेहलंग वासी नम्बरदार जगदेव सिंह, अमरचंद, नत्थूराम, रिषीराज ने ज्ञापन में बताया कि जिले में ऐसे करीब 50 नम्बरदार हैं, जिनके नाम व जन्म तिथि में त्रुटि थी। जिन्होंने उस त्रुटि को दुरूस्त भी करवा लिया है।

## नशा मुक्ति पुलिस टीम ने 46 नशा पीड़ितों का कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने शुक्रवार को निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गांव जीवडा, मालियाकी व पाल्हावास में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने एक नशा पीड़ति व्यक्ति की काउंसलिंग कराकर डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती भी कराया। नशा मुक्ति टीम द्वारा अब तक नशे से पीड़ति 137 लोगों की पहचान की है तथा 46 नशा पीड़ितों का इलाज कराया गया है। इस मौके पर एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है।

**नशा मुक्ति टीम ने नशे से पीड़ित 137 लोगों की पहचान की**



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए नशा मुक्ति पुलिस टीम।

### युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा

उन्होंने कहा कि सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। उन्होंने कहा कि नशा एक अभिशाप है, सभी मिलकर इसका बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की नशे संबंधी सूचना है कोई व्यक्ति नशे का प्रयोग करता है या नशे की सप्लाई इत्यादि करता है तो इस बारे पुलिस को मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 या 112 नंबर पर सूचित करे। गांव में किसी भी परिवार में कोई भी व्यक्ति नशे का सेवन करता है तो उसे नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करें, जिला पुलिस इसमें पूरा सहयोग करेगी।

## 65 लाख के विकास कार्यों का किया उद्घाटन

- गांव छव्वा से भाकली तक के पक्के रास्ते तथा गांव गुगोढ में बस क्यू शेल्टर का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसली

विधायक अनिल यादव ने कहा कि कोसली विधानसभा क्षेत्र निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के नेतृत्व में हलके की मांगों को पूरा कराया जा रहा है। विधायक अनिल यादव शुक्रवार को गांव गुगोढ, मलेशियावास और छव्वा में 65 लाख रुपये की लागत के विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गांव छव्वा से भाकली तक के पक्के रास्ते तथा गांव गुगोढ में बस क्यू शेल्टर का शुभारंभ किया। इसके अलावा गुगोढ गांव में खेल स्टेडियम की चारदीवारी का शिलान्यास किया। इस स्टेडियम में विधायक के प्रयासों से पांच लाख रुपए की लागत से पौधे लगवाए गए हैं।



रेवाड़ी। गांव गुगोढ में खेल स्टेडियम की चारदीवारी का शिलान्यास करते विधायक। फोटो : हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

विधायक ने कहा कि कोसली हलके की जनता ने जिन उम्मीदों के साथ उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना है, उनको पूरा करने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। इसके पश्चात विधायक ने कोसली अनाज मंडी में लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन महेश यादव, चेयरमैन दुष्यंत कुमार यादव, कपिल चेयरमैन, सुरेश भाकली, जिला पार्षद जीवन हितैषी, सरपंच श्याम सिंह, सरपंच पूजा देवी, मंडल अध्यक्ष अनूप, हरीश, गोपी भाकली, रविंद्र कोसली, विजयपाल,अक्षर यादव, दीपक व शमशेर सिंह सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## रविवार को मनाई जाएगी स्वतंत्रता सेनानी धानक की जयंती



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद धानक समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

धानक समाज की मीटिंग कुतुबपुर स्थित धानक धर्मशाला में शुक्रवार को प्रधान वेदप्रकाश बनवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग का संचालन महासचिव दयाराम मोरवाल ने किया। इस मौके पर सुभाष सोलंकी ने बताया कि आगामी 12 अक्टूबर को स्वतंत्रता सेनानी डूंगरमल धानक की राज्य स्तरीय जयंती कुतुबपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी।

### ये मौजूद रहे

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सिरसा सांसद सुनीता दुग्गल करेंगी। इस अवसर पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव मुख्य अतिथि रहेंगे। डीएससी प्रमुख स्वदेश कबीर, पूर्व मंत्री अनूप धानक, रेनू डाबला, जोगीराम खुंडिया व धर्मवीर डाबला विशिष्ट अथिति के रूप में शिरकत करेंगे। मीटिंग में धर्मपाल सुठानी, बाबूलाल खनगवाल, रामौतार पचेरवाल, प्रेमप्रकाश मोरवाल, ब्रह्मदत्त, विजय इंदौरा, भूप सिंह खरेरा, दलीप डाबला, प्रीतम सिंह भरपूर, महेंद्र सिंह खनगवाल आदि मौजूद रहे।

## सामाजिक मुद्दों को लेकर की चर्चा

- माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था में दोलतराम प्रजापति प्रधान की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

शुक्रवार को माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था आजाद नगर में दोलतराम प्रजापति प्रधान की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। सभा में भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर वकील राकेश किशोर की ओर से जूता फैकने का प्रयास करने की कड़ी निंदा की गई। वक्ताओं नेकहा कि यह घटना भारत के संविधान और न्यायपालिका की गरिमा पर गहरी चोट है। यह कृत्य जातिगत भावना एवं सोची-समझी साजिश के तहत किया गया है। इसी प्रकार वाई पूरण कुमार वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को जातिगत भेदभाव के कारण आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा। इस मौके पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी सामाजिक संगठन मिलकर विरोध प्रदर्शन करेंगे तथा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सीबीआई जांच कराकर कठोर से कठोर सजा देने की मांग की ताकि भविष्य में न्यायपालिका की गरिमा पर कोई आंच न आए और जातिगत प्रताड़ना पर पूर्णतया अंकुश लग सकें। इस मौके पर प्रजापति समाज, जांगिड समाज, जाटव समाज, धानक समाज, खटीक समाज, रोहिल्ला समाज, धोबी समाज, संत गुरु रविदास समाज, यादव समाज, जाट समाज व भीम आर्मी सहित अनेक संगठनों के सदस्य मौजूद थे।



रेवाड़ी। बैठक में मौजूद अनेक संगठनों के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## रोडवेज कर्मचारी महासभा की कार्यकारिणी का गठन



रेवाड़ी। रोडवेज कर्मचारी महासभा डिपो स्तर कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

हरियाणा राज्य परिवहन पिछड़ा वर्ग रोड़वेज कर्मचारी महासभा की डिपो स्तर पर कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस दौरान सर्व सम्मति से वेद प्रकाश यादव को डिपो प्रधान चुना गया। इसके अलावा हरि सिंह सैनी को राज्य उप-महासचिव, मंजीत कुमार को चेयरमैन, सतीश वरिष्ठ उपप्रधान, अजीत यादव उपप्रधान, सुनील कुमार कैशियर, चंद्रपाल प्रेस प्रवक्ता, देवेंद्र कुमार को कार्यालय सचिव एवं सुनील कुमार रांता को सचिव मनोनीत किया गया। राज्य प्रधान सुभाष चौहान ने सभी पदाधिकारियों को पद ग्रहण कराकर शपथ दिलाई। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान वेद प्रकाश ने जिम्मेदारी का ईमानदारी व निष्ठा के साथ निभाने का विश्वास दिलाया। स्टेट कमेटी से राज्य प्रधान योगी सुभाष चौहान, महासचिव रामनिवास पांचाल, वरिष्ठ उप प्रधान जितेंद्र सेन, सचिव दिनेश सैनी, कानूनी सलाहकार विनोद सैनी, अनिल कुमार, रामनिवास योगी व मुख्तार सिंह दांगी ने शिरकत की।

विधायक ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## विकास कार्यों को तय समय सीमा में पूरा कराएं अधिकारी

- विभागीय अधिकारियों ने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बावल

शुक्रवार को बावल स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में विकास कार्यों को लेकर बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। विभागीय अधिकारियों ने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस मौके पर विधायक ने कहा कि बावल के विकास कार्यों को तीव्रता के साथ पूरा कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि बावल क्षेत्र के सभी मुद्दों और समस्याओं को खत्म करने के लिए तत्पर है। लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी।



रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करते विधायक डा. कृष्ण कुमार। फोटो : हरिभूमि

### विस में भी बावल की आवाज को जोर शोर से उठाया जाता

विधानसभा में भी बावल की आवाज को जोर शोर से उठाया जाता है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों को तय सीमा में पूरा कराएं, ताकि सरकार की योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जाए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को बनीपुर ओवरब्रिज निर्माण कार्य को गति प्रदान करने और सर्विस लेन को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका तुरंत समाधान करें। बैठक में एसडीएम मनोज कुमार, डीएसपी सुरेंद्र श्योराण, नायब तहसीलदार श्याम सुंदर, बीडीपीओ संदीप शर्मा और एचएसआईडीसी एजीएम अशोक कुमार सहित पंचायत, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, नगरपालिका व मार्केट कमेटी के अधिकारी मौजूद थे।

## समाधान शिविर की शिकायतों को अधिक समय तक लंबित न रखे विभाग: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। विभागीय अधिकारी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निदान कराकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करें। डीसी अभिषेक मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। डीसी मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से जिला और उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।



रेवाड़ी। समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षात्मक बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

### लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो रहा

समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है और लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया कराना है। डीसी मीणा ने कहा कि सभी विभाग लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करें।

## खबर संक्षेप



### रोड पर उड़ती धूल से दुकानदार परेशान

**कोसली।** कोसली बाजार के दुकानदारों ने शुक्रवार को विधायक अनिल यादव को मांगपत्र देकर स्टेशन क्षेत्र के साल्हावास रोड के सर्विस रोड पर उड़ती धूल से दुकानदारों को निजात दिलाने की मांग की है। दुकानदार विपिन, निखिल, जगदीश, हिमांशु, अंकित व अनिल ने बताया कि तीन दिन पूर्व नाले की सफाई के बाद कीचड़ रोड पर छोड़ दिया गया था। प्रशासन से गुहार के बाद पंचायत विभाग ने कीचड़ को उठवाने का कार्य किया।

### व्यक्तिगत ऋण योजना का लाभ ले सकती हैं महिलाएं

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार की ओर से महिला विकास निगम के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक व सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए व्यक्तिगत ऋण योजना शुरू की है, जिसके तहत बैंकों के माध्यम से एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। डीसी अभिषेक मीणा ने व्यक्तिगत ऋण योजना के तहत जिले के लिए 2025-26 में 74 केसों का लक्ष्य रखा गया है।

पुलिस ने महज गोकल गेट व भाड़ावास गेट पर की बेरिकेडिंग, अन्य रास्तों से बाजार में घुस रहे फोर-व्हीलर

बाजार में घुसते ई-रिक्शा व चौपहिया वाहन बने लोगों के लिए आफत

# दीपावली की खरीदारी के लिए बढ़ने लगी भीड़ सरकुलर रोड सहित बाजारों में व्यवस्था राम भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जैसे-जैसे धनतेरस व दिवाली का पर्व नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। धनतेरस पर्व को आठ दिन व दिवाली पर्व को 11 दिन शेष बचे है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक बाजारों में लोगों के लिए आफत बनते चौपहियां वाहनों, ऑटो व ई-रिक्शा को रोकने के कोई ठोस प्रबंध नहीं किए है।

मोती चौक से गोकल गेट तक मुख्य बाजार में सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान जगह घेरे हुए है, वही सड़क के बीचोंबीच खड़ी रेहड़ियां भी परेशानी बनी हुई है। उस पर दिनभर बाजार में घुसते वाहन जाम लगाने का कारण बन रहे है। सरकुलर रोड पर भी पूरे दिन जाम के हालात पैदा हो रहे है। भीड़ भरे बाजार में चेन स्नेचिंग सहित अन्य अपराधिक घटनाओं की संभावना भी बढ़ गई है।

### गलियों से घूमकर बाजार में घुस रहे वाहन

प्रति वर्ष दिवाली पर्व से पूर्व बाजरों में वाहनों को रोकने के लिए भाड़ावास गेट व गोकल गेट पर बेरिकेडिंग करके व्यवस्था बनाई जाती है। इस बार भी दोनों जगह बेरिकेडिंग करके चौपहियां वाहनों की बाजार में एंट्री बंद की गई है तथा पुलिस कर्मियों की तैनाती भी कर दी गई है, लेकिन चौपहिया वाहन चालक पुलिस की नजरों से बचकर बेधड़क बाजारों में घुसकर अव्यवस्था फैलाने का काम कर रहे है।

यहां तक कि कानोड़ गेट से जीवली बाजार होते हुए, सरकुलर रोड से कटला बजार होते हुए गुर्जरवाड़ा चौक से बारा हजारी होते हुए, पुरानी तहसील से बजाजा बाजार होते हुए व गोल चक्कर से केवल बाजार होते हुए भी चौपहियां वाहन बाजारों में एंट्री कर रहे है।






रेवाड़ी। भाड़ावास गेट पर की गई बेरिकेडिंग व बाजार से आते चौपहियां वाहन व गोकल गेट पर की गई बेरिकेडिंग। फोटो : हरिभूमि





रेवाड़ी। गलियों से बाजार में घुसा चौपहियां वाहन व रेलवे रोड पर सड़क पर रखा सामान व खड़े हुए वाहन। फोटो : हरिभूमि

### मेन बाजार मोती चौक पर दिनभर भारी भीड़ रहती

शहर के अति व्यस्तम बाजार की सुरक्षा राम भरोसे है। शहर के मेन बाजार मोती चौक पर दिनभर भारी भीड़ रहती है। दीपावली का सीजन होने के कारण यहां अब भीड़ ज्यादा बढ़ने लगी है। शहर के पंजाबी मार्केट, बजाजा बाजार, सर्राफा बाजार, गुड़ बाजार, जीवली बाजार का भी यही हाल है। त्योहार पर भीड़ को देखते हुए जेब कतरे, चेन स्नेचर भी एक्टिव हो जाते है और वारदात का अंजाम देते है, लेकिन बाजारों में सुरक्षा न के बराबर है। इन बाजारों में कभी भी कोई संदिग्ध व्यक्ति घटना को अंजाम देकर निकल सकता है।

### पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में शहर

शहर के भाड़ावास गेट से पुरानी सब्जीमंडी, मोती चौक, गोकल बाजार, रेलवे रोड बाजार, काठमंडी, बजाजा बाजार, केवल बाजार, जीवली बाजार व पंजाबी मार्केट सहित सभी बाजार पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है।

### चौपहियां वाहनों को बाजार में न ले जाएं लोग

त्योहारी सीजन के दौरान शहर में अक्सर भीड़भाड़ व जाम की स्थिति बनी रहती है, इसलिए भाड़वास चौक, झज्जर चौक, रेलवे चौक, आजाद चौक, धारूहेड़ा चुंगी, अंबेडकर चौक व बावल चौक से चार पहिया वाहन चालक शहर के अंदर अपने वाहन न लेकर जाए। बाजारों में चौपहिया ले जाने से आवागमन प्रभावित होता तथा जाम की स्थिति पैदा हो जाती है। वाहन चालक शहर से बाहर ही निर्धारित पार्किगग में अपना वाहन खड़ा करके बाजार में पैदल खरीददारी करें।
-सीमा कुमारी, एसएचओ, सिटी थाना।

विजेता रही छात्राओं को सम्मानित किया

## छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित किया



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

■ रोटरी क्लब ने ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने कहा कि आज के इस युग में मानसिक रूप से स्वस्थ रहना बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं को स्वयं तथा अपने साथियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में पिछले एक सप्ताह से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में जागरूकता अभियान के तहत अनेक प्रकार के आयोजन किए गए, जिनमें चार अक्टूबर को स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता, 6 अक्टूबर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, 8 अक्टूबर को मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता तथा 9 अक्टूबर को रोटरी क्लब के सहयोग से ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या ने सप्ताहभर चलने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता रही छात्राओं को सम्मानित किया। डा. सुनीता यादव के मंच संचालन में हुए कार्यक्रम में करीब 350 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सत्येंद्र सिंह, डा. नरेश कुमार, डा. यशपाल, नरेंद्र सिंह, डा. रितु चौधरी, डा. दीपक व डा. प्रियंका सहित कॉलेज के अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन सबसे अहम

## महिला और बच्चों के पोषण सुधार में पुरुषों की भूमिका अहम : यशु

■ एनीमिया व डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से राजीव नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण माह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पोषण के 5 सूत्र, बच्चे के पहले 1000 दिन, एनीमिया, डायरिया, हैंडवॉश की महत्ता, साफ-सफाई और स्वच्छता के पांच सिद्धांतों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुपरवाइजर यशु यादव ने कहा कि महिलाओं के पोषण में पुरुषों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि परिवार के पुरुष सदस्य यदि महिलाओं के खान-पान, आराम और स्वास्थ्य पर ध्यान दें तो पूरे परिवार का पोषण स्तर स्वतः बेहतर हो सकता है।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में शपथ लेते हुए महिलाएं व पुरुष। फोटो : हरिभूमि

### साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया

बच्चे के जीवन के पहले 1000 दिन सबसे अहम होते हैं, इस दौरान संतुलित आहार और स्वच्छता से ही बच्चे का स्वस्थ विकास संभव है। उन्होंने एनीमिया और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कांता सहित क्षेत्र की अनेक महिलाएं मौजूद थी। इस मौके पर महिलाओं ने पोषणयुक्त भोजन को अपनाने और साफ-सफाई बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

जिला, विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया

## विवेकानंद स्कूल के तीन विद्यार्थियों का शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी व सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विवेकानंद पब्लिक स्कूल लाखनौर के विद्यार्थियों ने हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित 8वीं रेजांगला शूटिंग चैंपियनशिप के एयर पिस्टल इवेंट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिला, विद्यालय व अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। कंपटीशन में कक्षा छठी से भविष्य निवासी रामसिंहपुरा व शिवांश निवासी यादव नगर तथा कक्षा दूसरी से तन्मय निवासी हंस नगर ने शानदार प्रदर्शन कर अव्वल स्थान प्राप्त किया।



रेवाड़ी। प्रतियोगिता के विजेता को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### विद्यार्थियों को लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया

इस उपलब्धि पर विद्यालय के निदेशक एडवोकेट सुधीर यादव ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी व सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल के सभी विद्यार्थियों को इसी प्रकार से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने व पूरी निष्ठा से लक्ष्य प्राप्ति के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित किया।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता सत्र का आयोजन



रेवाड़ी। स्कूल में नशे से दूर रहने की शपथ लेते हुए विद्यार्थी।

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड स्थित पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में नशा मुक्ति जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। नशा मक्ति पुलिस टीम से इंस्पेक्टर रामपाल, एएसआई जितेन्द्र व दुर्गा शक्ति टीम ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। उन्होंने नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और छात्रों को यह संकल्प दिलाया कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहेंगे तथा समाज को भी इसके विरुद्ध जागरूक करेंगे। विद्यालय परिवार ने पुलिस विभाग की नशा मुक्ति टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।

## करवा चौथ पर्व पर मेहंदी प्रतियोगिता में रौनक ने मारी बाजी



रेवाड़ी। करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में दिल्ली रोड स्थित सतीश सैकेंडरी स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग की छात्राओं ने भाग लेते हुए आकर्षक व सुंदर डिजाइनों की मेहंदी बनाई। इस मौके पर प्राचार्या संगीता यादव ने कहा भारतीय संस्क्रति में हर त्योहार पर मेहंदी लगाने का एक विशेष महत्व है, इसलिए सभी बच्चियों को मेहंदी लगाने की कला अवश्य सीखनी चाहिए। प्रतियोगिता में छात्राओं ने मेहंदी लगाने के साथ-साथ पोस्टर भी बनाए। मेहंदी प्रतियोगिता में रौनक ने प्रथम, अंजू व अनन्या ने द्वितीय तथा मधु व लक्ष्मी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी शिक्षकाओं ने एक दूसरे को करवा चौथ पर्व की बधाई भी दी।

## तीन लोगों पर मारपीट कर घायल करने का केस

**कोसली।** झाल गांव के एक व्यक्ति ने गांव के ही तीन लोगों पर खेत में आकर मारपीट कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। सतनारायण ने पुलिस को बताया कि 25 सितंबर को वह अपने खेत मे पुली बांध रहा था कि गांव के कृष्ण, शालू व राहुल ने मिलकर उसके साथ बुरी तरह मारपीट की, जिससे वह बेहोश हो गया। उन्होंने जाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। परिजन ने उन्हें बेहोशी की हालत में सरकारी अस्पताल कोसली पहुंचाया। जहां ज्यादा चोट होने की वजह से डॉक्टर ने उसे रेवाड़ी अस्पताल के लिए रैफर कर दिया। कोसली पुलिस ने वीरवार को सभी आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

महोत्सव — जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित होने वाले महोत्सव की तैयारियां शुरू

प्रथम वर्ग में पांचवीं कक्षा तक के बच्चे एकल नृत्य, कार्ड मेकिंग, फैंसी ड्रेस, ग्रुप डांस में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे

# जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आगाज 13 से चार वर्गों की 41 प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

■ क्विज प्रतियोगिता तथा वन एक्ट प्ले-थियटर प्ले आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित होने वाले बाल महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई है। उपायुक्त एवं बाल कल्याण परिषद के अध्यक्ष डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के दिशा निर्देशानुसार 13 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक बाल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि 13 अक्टूबर से बाल भवन में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। बाल महोत्सव के दौरान चार वर्गों में 41 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।




रेवाड़ी। बाल महोत्सव में ग्रुप डांस करते हुए छात्राएं। (फाईल फोटो)

### विद्यार्थी इन प्रतियोगिताओं में लेंगे भाग

प्रथम वर्ग में पांचवीं कक्षा तक के बच्चे एकल नृत्य, कार्ड मेकिंग, फैंसी ड्रेस, ग्रुप डांस, बैस्ट ड्रामेबाज, क्ले मॉडलिंग तथा हिंदी व अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। द्वितीय वर्ग में कक्षा छठी से आठवीं तक के बच्चे दीया-कैंडल डेकोरेशन, स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, ग्रुप डांस, एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, एकल गायन, देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग, क्विज प्रतियोगिता, बैस्ट ड्रामेबाज, क्ले मॉडलिंग तथा हिंदी व अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। तृतीय वर्ग में 9वीं से 10वीं कक्षा के बच्चे स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, एकल गायन, ग्रुप डांस, थाली-कलश डेकोरेशन, लड़के व लड़कियों के फन गेम्स, रंगोली, देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग व क्विज प्रतियोगिता में शामिल होंगे। चतुर्थ वर्ग में 11वीं से 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए स्केचिंग ऑन-द-स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, एकल गायन, एकल नृत्य, क्लासिकल नृत्य, एकल गायन, ग्रुप डांस, थाली-कलश डेकोरेशन, लड़के व लड़कियों के फन गेम्स, रंगोली, देश भक्ति ग्रुप सॉन्ग, क्विज प्रतियोगिता तथा वन एक्ट प्ले-थियटर प्ले आयोजित होंगे।